# राइजिंग द बार फुटसल के फाइनल में जीती



यूपीईएस में जश्न मनाते छात्र-छात्राएं। स्रोत : संस्थान

देहरादून। यूपीईएस में आयोजित चार दिवसीय वार्षिक खेल, सांस्कृतिक उत्सव और स्पंदन का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। फुटसल के फाइनल में महिला व पुरुष दोनों वर्गों में राइजिंग द बार विजयी रही। समापन में स्पंदन ने सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों की एक विविध श्रृंखला प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंड पुलिस पाइप बैंड की ओर से भव्य प्रदर्शन के साथ किया गया। इसके बाद 800 मीटर रिले दौड़ और वॉलीबाल, बास्केटबाल, फुटसल (एक तरह का फुटबाल) और क्रिकेट के लीग मैच हुए। फुटसल में टीम टेक्नोक्रेट्स के सामने राइजिंग द बार ने विजय हासिल की। पुरुष फुटसल फाइनल में राइजिंग द बार ने टेक्नोक्रेट्स के खिलाफ जीत हासिल की। महिला क्रिकेट के फाइनल में बिजनेस ब्रिगेड ने राइजिंग द बार को हराया। पुरुष बास्केटबाल में टीम पाइथॉन ने, महिला वॉलीबाल में राइजिंग द बार ने जीत हासिल की। इस दौरान फीनिक्स राइजिंग ने सांस्कृतिक गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ स्कूल का खिताब जीता। संवाद